भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

27.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1438 का उत्तर

राजधानी रेलगाड़ी के फेरे

1438. श्री अरूण सावः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के सभी राज्यों की राजधानियों हेतु नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से राजधानी या शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ियां प्रतिदिन चलती हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उन राज्यों की राजधानियों के नाम क्या हैं जिनके लिए उक्त रेलगाड़ियों की व्यवस्था नहीं है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का 12441/12442 बिलासपुर राजधानी एक्सप्रेस को सप्ताह में केवल दो दिन चलाने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): जी नहीं। इस समय, चंडीगढ़, देहरादून, जयपुर, लखनऊ, पटना, कोलकाता, गुवाहाटी (दिसपुर को सेवित करते हुए), भुवनेश्वर, मुंबई, अहमदाबाद (गांधीनगर को सेवित करते हुए), बेंगलुरु, सिकंदराबाद, भोपाल और कालका (शिमला को सेवित करते हुए) नामक राजधानियों को प्रतिदिन राजधानी/शताब्दी एक्सप्रेस सेवाओं द्वारा दिल्ली क्षेत्र तक संपर्कता प्रदान की गई है। परिचालनिक व्यवहार्यता और यातायात औचित्य के आधार पर, चेन्नै, तिरुवनंतपुरम, मडगांव (पणजी को सेवित करते हुए), अमरावती (प्रस्तावित राजधानी),

बिलासपुर, रांची और अगरतला नामक राजधानियां इस समय गैर-दैनिक राजधानी एक्सप्रेस सेवाओं द्वारा दिल्ली क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं।

(घ) और (ङ): परिचालनिक कठिनाइयों और संसाधनों की तंगी के कारण, इस समय, सप्ताह में दो दिन चलने वाली 12441/12442 बिलासपुर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****

sk